


डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

# झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक    प्रयागराज से प्रकाशित    हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com    www.jjnews.in    प्रयागराज,शुक्रवार 24 मार्च,2023    वर्ष–07/अंक–302 प्रष्ठ–08/मूल्य–2 रूपये


## दुनियाभर में होगा मन की बात के 100वें संस्करण का प्रसारण



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात'के 100वें संस्करण को लेकर भाजपा विशेष तैयारी कर रही है। भाजपा की योजना पूरी दुनिया में इसके प्रसारण की है। भाजपा के एक सूत्र ने बताया कि पीएम मोदी इस समय वैश्विक नेता हैं। ऐसे में इसका प्रसारण पूरी दुनिया में किए जाने की तैयारी चल रही है। सभी देशों ने पीएम मोदी के कार्यों की सराहना की है। लोग उन्हें सुनना चाहते हैं। हम मन की बात को ज्यादा से ज्यादा देशों में प्रसारित करना चाहते हैं।

## लिखा– अमित शाह से पूछिए किस आधार पर संगमा सरकार को भ्रष्ट बताया

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेटिगेशन (ब्ठप्) चीफ को चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा का जिक्र किया है। चिट्ठी में जयराम रमेश ने लिखा कि वह अमित शाह को तलब करके पूछें कि उन्होंने किस आधार पर मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा को श्भ्रष्टश बताया? कांग्रेस सांसद ने सीबीआई चीफ से इस मामले की जांच की मांग भी की।

जयराम रमेश ने लिखा, श्मैं आपको सूचित करना चाहता हूं कि 17 फरवरी 2023 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी एक सार्वजनिक सभा में कहा था कि तत्कालीन मेघालय सरकार सबसे भ्रष्ट सरकार है। अमित शाह भारत सरकार में गृह मंत्री हैं, ऐसे में वह सूचना और तथ्य उनके पास अवश्य रहे होंगे जिनके आधार पर वह ऐसे निष्कर्ष तक पहुंचे होंगे। कुछ ऐसे कारण रहे होंगे कि अमित शाह तत्कालीन मेघालय सरकार के भ्रष्ट आचरण और गतिविधियों के संदर्भ में कदम उठाने में विफल रहे।श

उन्होंने आगे लिखा, श्मैं राष्ट्रहित में आपसे आग्रह करता हूं कि अमित शाह को तलब किया जाए और उनसे वह सभी सूचना और तथ्य देने के लिए कहा जाए जिनके आधार पर उन्होंने ऐसा आकलन किया था। फिर मामले की जांच की जाए।श कांग्रेस नेता ने इस पूरे मामले में जांच की मांग भी की। लिखा, श्मैं आपसे यह जांच करने का भी आग्रह करता हूं कि अमित शाह पर उनकी पार्टी या अन्य ताकतों की तरफ से कहीं कोई दबाव तो नहीं था जिसके चलते उन्होंने पूर्ववर्ती मेघालय सरकार के भ्रष्टाचार के बारे में सूचना दबा दी।श

सोशल मीडिया पर चिट्ठी भी शेयर की

सीबीआई चीफ को लिखी चिट्ठी सांसद जयराम रमेश ने ट्विटर पर भी शेयर की है। उन्होंने यह पत्र 21 मार्च को लिखा था।

मेघालय में छच्च–ठश्रच गठबंधन की सरकार

मेघालय में एक बार फिर से छच्च–ठश्रच गठबंधन की सरकार बन गई है। चुनाव से पहले गठबंधन के सारे दल अलग हो गए थे। सभी दलों ने अकेले–अकेले चुनाव में ताल ठोकी थी। ऐसे में चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों ने एक–दूसरे के ऊपर जमकर हमले भी किए थे। हालांकि, चुनाव के नतीजे आने के बाद फिर से पुराना गठबंधन बन गया। कोनराड संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। सूबे में विधानसभा की कुल 60 सीटें हैं। हालांकि, चुनाव 59 सीटों पर ही हुए हैं। एक सीट पर एक प्रत्याशी के निधन के चलते चुनाव रद्द हो गया था। चुनाव में एनपीपी ने 26 सीटों को पांच–पांच सीटेंमिली हैं। वाइस ऑफ द पीपल पार्टी के चार उम्मीदवार चुनाव जीते हैं। पीडीएफ, एचएसपीडीपी को दो–दो सीटों पर जीत मिली है।



पर जीत हासिल की है। भाजपा के खाते में दो, यूडीपी को 11 सीटों पर जीत मिली है। इसके अलावा कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जीत हासिल की है। छच्च ने भाजपा और यूडीपी के साथ मिलकर सूबे में सरकार बना ली है।

## अतिवृष्टि ओला से खराब हुई फसलों का तत्काल मुआवजा दे सरकार दिवाकर दुवेदी



सेमरिया विगत दिनों से प्रकृति का कहर जारी है किसानों के ऊपर आफत भरी यह प्राकृतिक मार चिंता की लकीरें बढ़ा दी है एक तरफ किसानों के ऊपर कर्ज की मार दूसरी तरफ आवारा मवेशियों द्वारा फसलों को नष्ट करना ज्यादा लागत कम उत्पादन की मार से किसान उबर नहीं पा रहा है अब प्रकृति भी किसानों के साथ अन्याय कर रही है लोग कहते हैं कि भगवान पर भरोसा करो सब ठीक होगा मगर यह कहावत अब चरितार्थ नहीं हो रही है बेचारा किसान दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर है रीवा जिले में वर्षा एवं ओला पडने से किसानों की फसल खराब हो गई है सब्जियां नष्ट हो गई है किसान बेचारा असहाय मजबूर हो गया है किसानों को उचित मुआवजा देने के लिए युवा समाजसेवी दिवाकर दुवेदी ने शासन प्रशासन से माग करते हुए कहा है कि किसानों को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए राजस्व विभाग के अधिकारियों को जमीनी स्तर पर भेज कर नष्ट हुई फसलों का सही आकलन कराया जाए जिससे किसानों को राहत मिल सके वही आगे युवा समाजसेवी दिवाकर दुवेदी ने कहा है कि किसानों को खाद बीज सोसाइटी से दिया गया था उसका कर्ज शासन को माफ करना चाहिए जिससे किसानों की माली हालत सुधार सके वही श्री दुवेदी ने कहा है के सेमरिया विधानसभा क्षेत्र , का तत्काल सर्वे कराया जाए और किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए ।

## हैदराबाद पुलिस ने गस्त के दौरान एक वांछित युवक को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वाछिंत वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 22.03.2023 को थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 118 2023 धारा 354 भादवि0, 7 8 पॉक्सों एक्ट व 3(2)(va) एससी एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त आरिस अली पुत्र अमानत अली निवासी ग्राम घरथनिया थाना हैदराबाद जनपद खीरी को जरौड़ा तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। वही गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे 1. उ0नि0 मो0 जुबेर अहमद,थाना हैदराबाद 2. हे0का0 अरुन रावत 3. का0 प्रमोद कुमार आदि मुख्य रूप से सामिल रहे।



## श्रीराम महायज्ञ के लिए हुआ भूमि पूजन।



जयपुर राजस्थान।

श्री पापड़ वाले हनुमान मंदिर प्रांगण में आगामी 26 अप्रैल से 4 मई तक होने वाले 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ के लिए भूमि एवं ध्वजा पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंदिर महंत महामंडलेश्वर संत श्री रामसेवक दास जी के सानिध्य में होने वाले यज्ञ की जानकारी देते हुए प्रवक्ता मीठालाल समोता ने बताया कि यज्ञ आचार्य सतीश शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत संपन्न करवाया। इस अवसर पर बनवारी लाल शर्मा एवं कजोड़ मल गुर्जर ने सपत्नी पूजा अर्चना की। विद्याधर नगर के जन सेवक एवं पीसीसी के कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल ने इस अवसर पर उपस्थित संतों का आशीर्वाद ग्रहण किया। पूर्व पार्षद कमल गुप्ता, सुशील शर्मा, ललित अग्रवाल, रामप्रसाद लड्ढा, कपिलदेव, सुरेश अग्रवाल, गौरी शंकर, नगेंद्र वशिष्ठ, शिवदयाल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर यज्ञ स्थल के अग्नि कोण में हवन कार्यक्रम भी विधिपूर्वक संपन्न हुआ।

## जल सुरक्षा सकल्प चलो नदी कि ओर

रुद्रपुर।


विश्व जल दिवस कार्यक्रम 2023 ग्राम पंचायत पीड़रा घाट, विकास खण्ड. रुद्रपुर जनपद देवरिया में जल रैली एव जल सुरक्षा संकल्प चलो नदी की ओर कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य पेयजल एव स्वच्छता मिशन एवं उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण जिला परियोजना प्रबंधन इकाई तथा यूनिसेफ के सहयोग से ग्राम विकास सेवा संस्थान संत कवीर नगर के तत्वधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में जल जीवन मिशन जल सुरक्षा यूनिसेफ के मंडलीय सलाहकार धर्मेंद्र कुमार व् (ISA को.आर्डिनेटर राजेश कुमार यादव तथा टीम लीडर राजू कुमार यादव, ने बताया कि जल परिवर्तन में तेजी' । यानी की पानी और सैनिटेशन के क्राइसिस को दूर करने के लिए तेज गति से बदलाव करने होंगे। के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन संभव नहीं है जल को जन से जोड़कर इसकी शुद्धता और संरक्षण के प्रति जन समुदाय को जागरूक करने की आवश्यकता है जल जनित बीमारियों के कारण एवं निवारण की जानकारी भी दी कार्यक्रम मे ग्राम्य विकास सेवा संस्थान, संतकवीर नगर से टीम लीडर राजू कुमार यादव ,कोर्डिनेटर संदीप, दीपेश, सूरज , धानञ्जय ग्राम पंचायत पानी समिति, स्वयं सहायता समूह सदस्य,पंचायत सदस्य जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## सचिव व प्रधान पर गांव वासियों ने लगाया धांधली का आरोप

बांदा। कमासिन स्थानीय विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिलौसा में प्रधान व सचिव ने मिलकर विकास कार्यों के लिए शासन से आई धन राशि का मामूली कार्य दर्शाकर जमकर धांधली की है। कई ग्राम वासियों ने डीएम को शपथ पत्र सहित बिंदुवार शिकायती पत्र देकर स्थलीय जांच कराए जाने की मांग की है। गांव के जवाहर लाल, बच्ची बाबू, कमल किशोर आदि ने डीएम दीपा रंजन को शपथ पत्र सहित प्रस्तुत शिकायती पत्र में यह आरोप लगाया है कि प्रधान व सचिव ने मिलकर 2 साल के अंतराल में हैंडपंपों की मरम्मत के नाम पर 5 लाख रुपये निकाल लिए हैं जबकि सच्चाई यह है कि हैंडपंपों की मरम्मत में मात्र 50 हजार रुपये खर्च किए गए हैं। इसी तरह संतोष गौतम के बाड़े से मडफा तालाब मेन रोड तक नाले का निर्माण कराया गया है जो घटिया स्तर की सामग्री का प्रयोग कर मानक विहीन बनाया गया है। ऊंचाई, चौड़ाई, गहराई निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं है। नाले में पटाव के नाम पर 3 लाख 20 हजार रुपए निकाल लिए गए हैं जबकि आज तक पटाव नहीं कराया गया है। आवास पाने वाले लाभार्थियों से 10 हजार रुपये की वसूली की गई है। इसी प्रकार कूड़ा दान गाड़ी के नाम पर ढाई लाख रुपए का फर्जी भुगतान किया गया है। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट पंचायत भवन में मरम्मत मिट्टी का कार्य रखरखाव तथा स्कूल में कराए गए कार्यों में भी गड़बड़झाला किया गया है। गांव में जयकरण लोधी के मकान के पास ट्रैक्टरों से 30, 40 ट्राली मिट्टी डलवाई गई है और भुगतान प्रधान पति के नाम पर लाख रुपए बढ़ाकर किया गया है इसके अलावा कराए गए अन्य विकास कार्यों में भी धन का दुरुपयोग किया गया है। ग्राम वासियों ने स्थलीय जांच कराए जाने की मांग की है वही सचिव धर्मेंद्र ने लगाए गए आरोपो को बेबुनियाद बताया है।

## विकास गुप्ता ने एम बी बी एस की डिग्री हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का सम्मान



ग्राम निवासी विकास गुप्ता पुत्र शिव कुमार गुप्ता का एमबीबीएस की अन्तिम वर्ष की परीक्षा में अपने संस्थान में तृतीय स्थान प्राप्त करके जनपद को गौरवान्वित किया है । बताते चलें कि विकास गुप्ता खुटहन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने शिव मेडिकल स्टोर के संचालक शिव कुमार गुप्ता के लड़के है। उन्होंने बताया कि मैं खुद विधि स्नातक हूं,बेटा विकास पहले से ही पढ़ने लिखने में मेधावी छात्र रहे है। तथा हाई स्कूल की शिक्षा महादेव लाल शिक्षण संस्थान कोकना से जहाँ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था वहीं इंटरमीडिएट की पढ़ाई ग्राम विकास इंटर कॉलेज खुटहन से हुई पिता ने बताया कि आगे की पढ़ाई राजस्थान के कोटा से हुई वहां से छम्म्ज की तैयारी संपन्न होने के बाद 2018 में मुलायम सिंह यादव मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया, 2023 में एमबीबीएस की परीक्षा सम्पन्न हुई उन्होंने हर्ष पूर्वक बताया कि पूरे कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है जो अपने आप में गौरव की बात है कॉलेज में ये खबर लगते ही सभी गुरुजनों ने बधाई व आशीर्वाद दिया। विकास ने बताया कि अब इंटर्नशिप स्टार्ट हो गया है। विकास ने अपने सफलता का श्रेय अपने पिता, माताजी एवं गुरुजनों को दिया है। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने शिव मेडिकल स्टोर खुटहन पर उपस्थित होकर बधाई दिया इस अवसर पर जयनाथ उपाध्याय सूर्यभान यादव बाबूराम गुप्ता जिगर श्रीवास्तव एडवोकेट दयाशंकर यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# जयराम विद्यापीठ कुरुक्षेत्र में प्रारम्भ हुआ नवरात्र दुर्गा सप्तशती पाठ



दुर्गा सप्तशती अनुष्ठान में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का पूजन।दुर्गा शतचंडी पाठ से होता है दुश्मनों का विनाश।

जयराम विद्यापीठ में दुर्गा सप्तशती पाठ कर रहे हैं ब्रह्मचारी और ब्राह्मण। कुरुक्षेत्र, देशभर में फैली जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर के तट पर स्थित श्री जयराम विद्यापीठ के संचालक ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से सर्वकल्याण एवं विश्व शांति की भावना से विद्यापीठ में चौत्र नवरात्रों के अवसर पर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ नवरात्र दुर्गा सप्तशती पाठ अनुष्ठान प्रारम्भ किया गया। जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि विद्यापीठ की यज्ञशाला में पूरे नवरात्र 21 ब्राह्मणों द्वारा निरंतर दुर्गा सप्तशती पाठ अनुष्ठान किया जाएगा। नौ दिवसीय नवरात्र अनुष्ठान के बारे में आचार्य प. राजेश प्रसाद लेखवार शास्त्री ने बताया कि मां दुर्गा को शक्ति की देवी कहा जाता है। दुर्गा जी को प्रसन्न करने के लिए जिस यज्ञ विधि को पूर्ण किया जाता है उसे शतचंडी यज्ञ बोला जाता है। उन्होंने बताया कि यज्ञ को सनातन धर्म में बेहद शक्तिशाली वर्णित किया गया है। इस यज्ञ से बिगड़े हुए ग्रहों की स्थिति को सही किया जा सकता है और सौभाग्य इस विधि के बाद साथ देने लगता है। उन्होंने बताया कि वेदों में दुर्गा सप्तशती पाठ अनुष्ठान की महिमा के बारे में यहाँ तक बोला है कि अनुष्ठान के बाद दुश्मन कुछ नहीं बिगाड़ सकते हैं। इस अनुष्ठान को भगवान श्री गणेशजी, भगवान शिव शंकर, नव ग्रह, और नव दुर्गा (देवी) को समर्पित करने से मनुष्य जीवन ध ान्य होता है। विद्यापीठ में हर नवरात्रों पर ब्रह्मचारियों, विद्यार्थियों और ब्राह्मणों द्वारा पूरे नियमों के साथ दुर्गा सप्तशती पाठ अनुष्ठान किया जाता है। इस अवसर पर रोहित कौशिक के साथ के के कौशिक एडवोकेट, श्रवण गुप्ता, राजेश सिंगला, रोहित शर्मा, सतबीर कौशिक, प्राध्यापक प्रवीण शर्मा, राम जिवारी इत्यादि भी मौजूद रहे।जयराम विद्यापीठ में दुर्गा पूजन करते हुए ।

# विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन के विभिन्न घटकों से एकता के चल रहे प्रयास, साथ आने का आह्वान

इंदौर। मदन वर्मा। विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन इंदौर के विभिन्न घटकों से एकता के चल रहे प्रयास, साथ आने का किया गया आव्हान।

सबका विश्वास, सबका साथ इस मूल मंत्र को लेकर पेंशनर एसोसिएशन गाडरवारा द्वारा भी विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन के विभिन्न घटकों को एक साथ लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। समय की मांग है एवं अनिवार्य भी है की हम अपने प्रमुख मांगों के लिए सभी घटक एक साथ आकर शासन एवं प्रशासन को मजबूर करें की वे हमारी न्याय उचित मांगों को पूर्ण करने के लिए वचनबद्ध हो। इसके लिए यह आवश्यक है की एक संयुक्त मोर्चा बनाया जाए जिसमें सभी प्रमुख घटकों के प्रमुखों की सहभागिता के साथ एक विशाल आंदोलन राजधानी भोपाल में किया जाए। अभी नहीं तो कभी नहीं इस भावना के साथ एक साथ आना समय के लिए आवश्यक है।

विद्युत पेंशनर्स राज्य शासन पर निर्भर नहीं है क्योंकि हमारी पेंशन, महंगाई राहत एवं अन्य सुविधाओं के लिए एक सुविचारित व्यवस्था माननीय विद्युत नियामक आयोग ने की है एवं हमारी संपूर्ण आवश्यकता की धनराशि विद्युत दरों के माध यम से विद्युत उपभोक्ताओं से वसूली जाकर हमें दी जाती है। प्रतिवर्ष इसके लिए ट्रांसमिशन कंपनी की वार्षिक आवश्यकता (बजट) में इसका प्रावधान किया जाकर आयोग द्वारा अनुमोदित होता है।

एक संवैधानिक व्यवस्था होने के बाद भी हमें हमारी मांगों के लिए मजबूर होकर सड़क पर उतरना पड़ता है यह सही समय है कि हम शासन को संयुक्त रूप से वस्तुस्थिति से अवगत करवाकर हमारे अधिकारों के लिए उनके द्वारा आदेश प्रसारित करवाने का प्रयत्न करें।

विद्युत पेंशनर्स तब ही मुखिया तक अपनी भाषान्तरगत माध यमों से पीड़ा पहुंचा पाने में सफल हों सकेंगे जब संयुक्त रुप से कॉमन ऐजेंडा पर एक्शन प्लान बना कर चलेंगे तब राज्य की विद्युत कंपनियों के शोषित विद्युत पेंशनर्स के दुख दूर हो सकेंगे। पूरी राहत पूरी पेंशन विद्युत पेंशनर्स को मिलेगी तभी रौशनी के दरबार में, परिवार में, बुजुर्गों में आश्रितों में अच्छा है राज्य, अच्छा हैं मुखिया, इसकी परिकल्पना, सुदृढ़ होगी।

– मदन वर्मा ६ माणिक ६
इंदौर, मध्यप्रदेश
दिनांक
(क्षेप्रसचिव, फेडरेशन इंदौर)
ईमेल– 6264366070
श्रीमान संपादक जी
सादर प्रकाशनार्थ प्रेषित

# 26 नए फ्लाईओवर-मोहल्ला बस, यमुना-कूड़े के पहाड़ होंगे साफ... जानिए दिल्लीवालों को बजट में क्या-क्या मिला?

दिल्ली के वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को 78000 करोड़ का बजट पेश किया.

बजट में यमुना की सफाई, कूड़े के पहाड़ों से मुक्ति, 1600 नई इलेक्ट्रोनिक बसें, 26 नए फ्लाईओवर समेत तमाम बड़े ऐलान किए.कैलाश गहलोत ने कहा कि हमारी सरकार ने 8 सालों में दिल्ली की अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए बड़े कदम उठाए हैं. दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय भारत में तीसरे स्थान पर हो गई है. यहां सालाना प्रति व्यक्ति आय 14.8: बढ़कर 4.24 लाख रुपए हो गई है. यह नेशनल औसत का ढाई गुना ज्यादा है. आईए जानते हैं दिल्ली सरकार के बजट में क्या क्या बड़े ऐलान किए गए...– वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, 2023–24 का बजट साफ, सुंदर और मॉडर्न दिल्ली के प्रति समर्पित है. – पूरे पीडब्ल्यूडी सड़क नेटवर्क के 1400 किलोमीटर सड़कों का सौंदर्यीकरण होगा. इसके लिए 10 साल में 20 हजार करोड़ का प्रावधान का लक्ष्य रखा गया है.– दिल्ली सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में शिक्षा के लिए 16,575 करोड़ रुपये आवंटित किए.– दिल्ली सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में शिक्षा के लिए 16,575 करोड़ रुपये आवंटित किए.– दिल्ली सरकार के 350 स्कूलों में प्रत्येक को 20 कंप्यूटर मिलेंगे, सभी शिक्षक शिक्षकों, प्रधानाचार्यों को टैबलेट मिलेंगे.


विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 द्वुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।
अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626


# राजभाषा हिंदी के प्रयोग–प्रसार के कार्यो की आकर्षक प्रदर्शनी आयोजित

सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार राजभाषा के प्रयोग में बहुआयामी प्रगति सुनिश्चित करने के उद्ध्देश्य से उत्घ्तर मध्ध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में भंडार विभाग द्वारा किए जा रहे राजभाषा हिंदी के प्रयोग–प्रसार के कार्यों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में भंडार विभाग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की सुरुचिपूर्ण प्रस्तुति की गई। महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार ने मंगल दीप प्रज्घ्ज्घ्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार ने कहा कि हमारी रेलवे पूरी तरह हिंदी भाषी क्षेत्र में है और हम सब की मातृभाषा हिंदी है, अतरू हमें पूरी कर्तव्घ्यभावना और प्रतिबद्धता के साथ अपने सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए ताकि राजभाषा हिंदी के निरंतर प्रयोग–प्रसार के क्षेत्र में हमारी रेलवे अग्रणी भूमिका निभाकर और सर्वश्रेष्घ्ठ कार्यनिष्घ्पादन कर नई उपलब्धियाँ हासिल कर सके।महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार ने भंडार विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और इस कार्य को निष्घ्पादित करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए पन्घ्द्रह हजार रूपए के पुरस्कार की घोषणा की। इस क्रम में संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण से संबंधित मदों के अनुसार भंडार विभाग द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के आरंभ में प्रधान मुख्घ्य सामग्री प्रबंधक श्री प्रताप सिंह शमी द्वारा महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार का स्वागत किया गया और और उन्हें विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्घ्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान

# मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु आमजन करें ये उपाय

ऽ मच्छरों से बचाव हेतु पूरी बाँह की कमीज, पैंट एवं मोजे पहने, मच्छरदानी का उपयोग करें, मॉस्किटो क्वायलधरिफिल का उपयोग करें।

ऽ टायर, गमलें फ्रिज के पीछे पानी के कन्टेनर, कूलर, पशु–पक्षियों के पानी पीने के बर्तन इत्यादि में पानी इक्कठा न होनें दें।

ऽ घरों के आस–पास गड्ढों को मिट्टी से भर दें, या जमा हुए पानी में जला मोबिल डाल दें। इन जमे हुए पानी में मच्छर पनपते हैं।

ऽ शौच के लिए हमेशा शौचालय का प्रयोग करें, शौच के बाद अपने हाथ साबुन से धोंए।

ऽ पीने एवं खाना बनाने के लिए हमेशा इंडिया मार्क–।। हैडपम्पध्पाइप लाइन धफिल्टर पेयजल का प्रयोग करें। पानी को हमेशा ढंककर रखें।

ऽ घरों के आस–पास, झाड़ियाँ उगने न दें या उनकी सफाई कर दें। घर के आस–पास नालियों में पानी जमा न होने दें।

ऽ खाँसी होने पर क्षय रोग की जाँच अवश्य करायें, बुखारध खाँसीध्जुकाम होने पर कोविड–19 की भी जाँच करायें।

ऽ " बुखार में देरी पड़ेगी भारी" बुखार होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाएं बिना चिकित्सा की सलाह के अनावश्यक औषधियों का सेवन न करें। बुखार के समय पानी एवं अन्य तरल पदार्थ जैसे– नारियल पानी, शिकांजी, ताजे फलों का रस इत्यादि का सेवन करें। झोलाछाप चिकित्सकों से बचें।

# शहरी क्षेत्र में आग से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आमजन करें ये उपाय

क्या करें–1– विस्तर में लेटकर बीड़ी सिगरेट का प्रयोग न करें।2– बिना बुझाये हुए बीड़ी, सिगरेट के टुकडों का इध र–उधर मत फेंके।3– दियासलाई अबोध बच्चों से दूर रखें।4– भोजन बनाते समय अपने शरीर के कपड़ों का प्रयोग चुल्हे पर चढ़े बर्तनों को उतारने मे न करें।5– घर में विजली के कटे–फटे तारों को तुरन्त बदलवा लें या मरम्मज करवा लें। सही ढंग का फ्यूज लगाये व एक ही प्लग पर कई यन्घ्त्रों को न चलायें6– भवनध्संस्थान में लगे तारो का विद्युत सुरक्षा विभाग से इलेक्ट्रिक सेफ्टी आडिट अवश्य करवा लें।7– अपने संस्थानध्बहुमंजिली आवासीयध्बहुमंजिली व्यवसायिकध्हास्पिटलधविद्यालय भवन में अग्निशमन यन्त्र, फायर हाईड्रेन्ट, होजरील, स्मोक अलार्म सिस्टम, डिटक्शन सिस्टम कार्यशील कराकर रखें।8– कार्यालय व घरों के विद्युत स्टोव और आयरन प्रेस का प्रयोग करने के पश्चात प्लग निकाल कर तभी हटे।9– रात में सोने से पहले गैस सिलेण्डर का वाल्ब बन्द करना न भूले एंव गैस पाईप को एक वर्ष में बदलवा दें एंव रेग्यूलेटर को एक वर्ष मेंगैस एजेन्सी से चेक करालिया जाय।10–कुकिंग गैस सिलेण्डर में तनिक भी लिकेज का आभास होते ही पास–पड़ोस की अन्य अॅगीठियॉ व जलती हुई बीड़ी, सिगरेट को तुरन्त बुझा दें।11–लीक करने वाले गैस सिलेण्डर को तुरन्त घर से वाहर खुले स्थान पर निकाल कर रख दें, और सम्बन्धित गैस कम्पनी को सूचित कर दें साथ ही साथ गैस लीकेज बन्द करने का प्रयास करें।12– एलपीजी गैस हवा से दो गुना भारी होने के कारण लीक होने पर नीचे की ओर जाती है, अतः गैस चुल्हे को सिलेण्डर से थोड़ी दूरी पर ऊॅचाई पर रख कर प्रयोग करें।13– गैस बर्नर के छिद्र को सदैव साफ रखें किसी भी दशा में गैस सिलेण्डर लीकेज होने पर माचिस या आग से चेक न करें।14– जब कभी घर से बाहर जायें तो सिलेण्डर पर सेफ्टी कार्क अवश्य लगाकर जायें15– गैस सिलेण्डर समाप्त होने की स्थिति में सिलेण्डर को लिटाकर या तिरछा कर प्रयोग न करें अन्यथा सिलेण्डर में बिस्फोट हो सकता है। अतः उपरोक्त सावधानी या सुझाव को अमल में लाया जाय गैस सिलेण्डर से होने वाली अग्निदुर्घटना को रोका जा सके।16– अपने मकानों दुकानों मे कुछ अग्निशमन यंत्र अवश्य रखिये और उसके प्रयोग विधि ा के विषय में जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के अग्निशमन केन्द्र से मदद लीजिए।17– आग लगने पर शोर मचाकर मकान के समस्त लोगो को आगाह किजिए ताकि वह निकलकर बाहर आ सके।18– आग लगने पर फायर ब्रिगेड को टेलीफोन करके तुरन्त बुलाएं, इनकी सेवाएं हर समय निःशुल्क है। अपने क्षेत्र के निकटतम फायर स्टेशनध थानाध्पुलिस चौकी या डायल 112 का टेलीफोन नं0 याद रखिये जिससे आग लगने पर सूचना दी जा सके।19– फायर ब्रिगेड के पहॅुचने तक हर सम्भव उपाय से आग बुझाने का प्रयास किजिए।

# ग्रामीण क्षेत्र में आग से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आमजन करें ये उपाय

क्या करें–1–बिस्तर पर लेटकर धूम्रपान नही करें।2–हुक्का पीने के पश्चात चिलम की आग को पूर्ण रूप से बुझा दें।3–जलती हुई बीडी सिगरेट के टुकड़ों को पैर से कुचलकर पूर्ण रूप से बुझा दें।4–खलिहान, तालाब या अन्य पानी के स्रोत के निकट लगाइए।5–खलिहान के पास पानी के भरे घड़े व मिट्टी के ढेर तैयार रखिए।6–खलिहान व फूस के मकान रेलवे लाइन से कम से कम 100 फीट की दूरी पर बनानाध्ढेर लगाना चाहिए।7–फसलों के पास बीड़ी सिगरेट का प्रयोग न किया जाय, बगीचे आदि की पत्तियों को जलाया न जाय। तेज हवा चलने के कारण आग खेत में पहॅुच सकती है।8– बच्चों की पहॅुच से माचिस दूर रखा जाय।9– ग्रामीण इलाकों में लकड़ी से खाना बनाने बाद आग को पानी से पूर्ण रूपेण बुझा दिया जाय। 10–आपके फसल के पास यदि ट्रॉन्सफार्मर हो या डबल पोल या फ्यूज सेट हो तो कम से कम 05 मीटर चारो तरफ काटकर अच्छे से सफाई कर लें जिससे आग लगने की सम्भवना कम हो जाती है।11–अगर आपके खेत के उपर हाईटेन्शन तार गये हों और ढीलें हों तो नजदीकीय विद्युत विभाग कार्यालय से सम्पर्क करके विद्युत तारों को टाइट करा लें।12– ग्रमीण क्षेघ्त्र में तालाबों आदि में पानी की व्यवस्था रखी जाय जिससे फायर ब्रिगेड के वाहन को पानी की कमी न हो, आग लगगने की सूचना नजदीकी फायर स्टेशन , पुलिस थाना पुलिस चौकी, डायल 112 पर सही पता रास्ते की सूचनाओं के साथ नोट करायें, जिससे कम से कम समय में फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटना स्थल पर पहॅुच सके।13–जलती हुई लालटेन व कुप्पी में मिट्टी का तेल न डालिए, चिराग व कुप्पियों को इस्तेमान के पश्चात पूर्ण रूप से बुझा दीजिए।14 रसोई घर की छत टिन से बनाइये, यदि फूस की बनाये तो उसके अन्दर की ओर मिट्टी का लेप कीजिए।15– गर्मी के दिनों में गॉव के सूखे तालाब को ट्यूवेल या नहर के पानी से भर दें ताकि आग लग जाये तो उस समय काम दे। 16– आग लगने पर फायर ब्रिगेड आग लगने पर फायर ब्रिगेड को टेलीफोन करके तुरन्त बुलाएं, इनकी सेवाएं हर समय निःशुल्क है। अपने क्षेत्र के निकटतम फायर स्टेशनध्थानाध पुलिस चौकी या डायल 112 का टेलीफोन नं0 याद रखिये जिससे आग लगने पर सूचना दी जा सके।

# श्री राम चरित्र मानस राम जी का साक्षात विग्रह है –– व्यास अनिरुद्ध जी

प्रयागराज 23 मार्च। श्री नव संवत्सर मानस समिति मां कल्याणी देवी मंदिर प्रयागराज द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा में बोलते हुए प्रखर राष्ट्र चिंतक डॉ अनिरुद्ध महाराज श्री धाम वृंदावन व्यास जी ने बताया कि मानस भगवान श्री राम का साक्षात विग्रह हैं। रामजी ने अपना संपूर्ण तेज मानस में समाहित कर दिया। रामचरित मानस को भी रामायण कहते हैं। इसीलिए आरती में लिखा है –– आरती श्री रामायण जी की कीरती कलित ललित सिय पी की। भविष्य पुराण के आधार पर बताया कि शंकर जी ने स्वयं कहां है कि कलियुग में बाल्मीकि जी ही गोस्वामी तुलसीदास के रूप में अवतरित होंगे। पूज्य व्यास जी ने बताया कि बालकांड श्री राम के जन्म से विवाह तक की कथा है तथा अयोध्या कांड में राज्य की कथा है। अरण्य कांड में श्रृंगार रस, वीमत्स रस, रौद्र रस, अदभुत रस, मयानक रस, वीमत्स एवं शांत रस आदि कथा प्रसंगों में मिलते हैं। इस तरह सभी सात कांडों की लक्षण–– महिमा मानस के प्रथम श्लोक वर्णनाम अर्थसंधानाम, रसानाम छंद राम अपि में ही बता दिया है। श्री व्यास जी ने बताया कि गुरु का नाम लेना वर्जित है। भारत में धरती को माता का गौरव प्राप्त है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने 9 दोहा एवं 24 चौपाइयों में चारों भाइयों की वंदना की है।श्री राम कथा के प्रारंभ में मां कल्याणी देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं श्री नव संवत्सर मानस समिति के संयोजक पंडित सुशील कुमार पाठक ने भगवान श्री राम दरबार एवं महामंत्री सुबोध खन्ना तथा कृष्ण कुमार पाठक ने श्री मानस ग्रंथ पूज्य व्यास जी की पूजा आरती किया।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरी नवरात्रि बेला में सांय 7रू15 बजे से रात्रि 11रू00 बजे तक 30 मार्च तक श्री राम कथा, प्रतिदिन प्रातः 8रू00 से 11रू00 बजे तथा सांय 4रू00 से 6रू30 बजे तक शतचंडी महायज्ञ, प्रातः 5रू00 से अपरान्ह 1रू00 बजे तक मां कल्याणी का पूजन तथा सांय 6रू00 बजे से रात्रि 12रू00 बजे तक माता कल्याणी देवी का नित्य नूतन श्रृंगार व झांकी दर्शन का आयोजन होता रहेगा। श्री नव संवत्सर मानस समिति के प्रवक्ता ओंकार नाथ त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन (सरकार द्वारा) आजादी का अमृत महोत्सव –– अमृत काल के अंतर्गत मां कल्याणी देवी मंदिर में प्रतिदिन प्रातः 9रू00 बजे से 11रू00 तक संस्कृतिक साहित्य कार्यक्रम के साथ दुर्गा सप्तशती देवी गीत माता की झांकियां व देव गीत आदि का भी आयोजन किया गया है।

# मंडलीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता संपन्न


प्रयागराज, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब प्रयागराज द्वारा मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता तथा सम्मान समारोह का आयोजन ब्रिज बिहारी सहाय इंटर कॉलेज शिवकुटी प्रयागराज में किया गया । इस विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में जनपद प्रयागराज, फतेहपुर, कौशांबी तथा प्रतापगढ़ के जनपदीय प्रदर्शनी के विजेता छात्र छात्राओं ने अपने विज्ञान मॉडल के साथ प्रतिभाग किया।

प्रदर्शनी में 60 मॉडल प्रस्तुत किया गये जिसमें से 10 का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रतियोगिता में सरदार पटेल इंटर कॉलेज, कोरांव के कार्तिकेय सिंह को प्रथम स्थान, सीएवी इंटर कॉलेज के अंश मिश्रा को द्वितीय स्थान तथा आदर्श ग्राम इंटर कॉलेज चरवा कौशांबी की पारुल पटेल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन्हें क्रमश रुपए 5000, 3000 तथा 2000 का पुरस्कार प्रदान किया गया। तकनीकी छात्रों के ग्रुप में यूनाइटेड कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च के आयुष कुमार तिवारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, इन्हें ध्3000 का पुरस्कार प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रतिभागियों में धर्मा देवी इंटर कॉलेज कौशांबी के आर्यन पांडेय, सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के कार्तिकेय पाल, राजकीय इंटर कॉलेज प्रयागराज के नितिन मौर्य, महर्षि विद्या मंदिर इंटर कॉलेज फतेहपुर के कृष्ण कुमार मौर्य तथा जय मां दुर्गे इंटर कॉलेज कौशांबी के अनुराग गुप्ता तथा तकनीकी छात्रों के ग्रुप में यूनाइटेड कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च के अंबर मिश्रा और गौरव मिश्रा शामिल रहे। चयनित प्रतिभागियों को अपर आयुक्त प्रशासन प्रयागराज मंडल प्रयागराज अमृतलाल तथा जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज पीएन सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज पीएन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगिता में जीत और हार नहीं होती इसमें जीत और सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि विज्ञान सभी छात्रों के लिए होना चाहिए क्योंकि प्रकृति विज्ञान का ही मानव कल्याणकारी रूप है। विज्ञान वास्तव में प्रकृति को समझना तथा समझ कर मानव जीवन को सरल सहज व आसान बनाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल श्री अमृतलाल ने प्रतिभागियों को क्या, कैसे ,क्यों से आगे बढ़कर वाद–विवाद और संवाद को भी अपनाने की सीख दी। जिला विज्ञान क्लब प्रयागराज के कोऑर्डिनेटर डॉ लालजी यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जनपद स्तर के चयनित अभ्यर्थी ही प्रतिभाग किए हैं। आज आयोजित की गई मंडलीय प्रदर्शनी के विजेता प्रतिभागी 28 मार्च को लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे द्यअतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य रजनी शर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रबंध ाक रणजीत सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंडल के विभिन्न जनपदों के जिला विज्ञान समन्वयक प्रतिभागी छात्र छात्राएं उनके मार्गदर्शक शिक्षक सम्मिलित हुए। निर्णायको में नासी के डॉसंतोष शुक्ला इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ दिनेश यादव ईसीसी के डॉ प्रेम प्रकाश सिंह सी एम पी के डॉ प्रवीण कुमार सिंह तथा आईईआरटी के डॉ यतींद्र गौरव शामिल रहे।

## सम्पादकीय

### बाप का होना



चिलचिलाती तेज धूप में गरम गरम हवा चल रही थी। सड़क पर चलना तो दूर खिड़की से बाहर झांकना भी इस वक्त सम्भव नहीं था। मैं अपने कमरे में बैठा टेबल पर लिख रहा था, लिखते हुए मेरी नजर खिड़की से बाहर गई। सामने थोड़ी दूर पर जंगल में दो–चार झोपड़िया थी। झोपड़ी के समीप एक सूखे पेड़ के नीचे कोई बैठा था । पेड़ एकदम सुखा था। कोई छाँव नहीं थी, सोच रहा था, यह आदमी इस पेड़ के नीचे ही क्यों बैठा है। बहुत देर तक उसे देखता रहा, वह न हिला न उठा। सोचता रहा, आदमी है या कोई जानवर। कोई भी हो सकता हैं पर उस को इतनी तेज धूप में पेड़ भी यही दिखा जो कोई राहत न दे सके। जब बहुत देर हो गई तो मै फिर लिखने बैठे गया। एक घण्टे बाद फिर उस तरफ नजर जाती हैं। देखता हूँ वह वैसा ही बैठा है मैने अपनी पत्नी को समीप बुला कर पूछा , कौन है सामने इतनी तेज धूप में जानवर या कोई आदमी। वो बहुत देर तक आँखे गड़ाये देखती रही। अंत में, कोई होगा मुझे क्या करना कहती पलंग पर जाकर लेट गई। मैने सोचा भी वहां जाकर देखूँ पर धूप इतनी तेज थी कि साहस नहीं जुटा पाया। शाम जब छह बजे मैं घूमने के बहाने वहाँ गया। देखा वह माँगू था जो अभी कुछ दिन पूर्व ही काम मांगने मेरे पास आया था। में उसे रखने वाला था। बीच में मेरी बीवी आ गई बोली , यह किस काम का इस उम्र में क्या करेगा। मैने भी सोचा वो सही कह रही है। फिर भी में मांगू को काम देना चाहता था। मांगू प्रायः मेरे घर के सामने से निकलता मुझे राम राम बोलता था मुझे उसका राम राम बोलना बहुत अच्छा लगता था। इसलिए मैं मांगू को दो दिन बाद आना कह दिया था। उस दिन उसे कुछ खाना दे, रवाना कर दिया था । वह माँगू था आज सब कुछ छोड़ कर ईश्वर को प्यारा हो गया । लगता है उसने भी यह महसूस किया हो की वह अब किसी काम करने लायक नहीं है पर सोचता हूं बाप कितना ही कमजोर हो जाय पर उसके बेटे के लिए वह बहुत बड़ी ताकत, सम्बल होता है तभी तो देवला अपना घर और बच्चे माँगू के हवाले कर कोटा काम पर चला गया था।

डॉ रामशंकर चंचल
झाबुआ। मध्य प्रदेश।

### क्यों 20 साल से अधिक उम्र वाले लोग हो रहे है हार्ट अटैक का शिकार, बढ़ते आंकड़ों ने बढ़ाई चिंता



(रिद्धि भंडारी) दिल की बीमारी लोगों में बढ़ती जा रही है। अकसर देखा जा रहा है की कम उम्र वाले लोगों में दिल की बीमारी से हार्ट अटैक कॉमन हो गए है। भारत में पिछले कुछ सालों में दिल संबंधी बीमारी के कारण मौत की घटनाएं बड़ी संख्या में सामने आई हैं। बैठे–बैठे और राह चलते भी दिल का दौरा पड़ने से लोगों की मौत की घटनाएं सुर्खियां बनी हैं। इस मामले पर बोलते हुए हार्ट स्पेशलिस्ट ने बताया की इसको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

चलते, बैठे, डांस करते और गाना गाते ही क्यों आता है दिल का दौरा

आज से करीब 30–40 साल पहले दिल का दौरा पड़ने की घटनाएं बहुत कम होती थीं। अब धीरे–धीरे बहुत सारी चीजें बदल गई हैं। इस वजह से लोगों की आदतों में भी काफी बदलाव आया है। धूम्रपान, शराब का सेवन, मधुमेह और रक्तचाप की बीमारी के साथ–साथ तनाव बहुत आम हो गया है। इन सभी वजहों से दिल का दौरा पड़ने की घटनाएं बढ़ी हैं।

कम उम्र के लोग हो रहे इसका शिकार

देखा जाता था कि पहले 60–65 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ता था, लेकिन हाल के कुछ सालों में देखा गया है कि अब तो 20–22 वर्ष से लेकर 35–40 वर्ष की उम्र तक के लोगों के साथ भी ऐसा हो रहा है। कुछ गलत आदतें और कुछ बीमारियां इसकी एक बड़ी वजह हैं, लेकिन साथ ही हमें अपने दिल का ध्यान भी रखना होता है। आमतौर पर हम हृदय जांच नहीं कराते। हमें हृदय जांच भी करानी चाहिए, ताकि पता चले कि कोई समस्या तो नहीं है। अगर आपको दिल संबंधी कोई समस्या है तो ऐसे मरीजों को भारी व्यायाम नहीं करना चाहिए, तनाव नहीं लेना चाहिए, खानपान और दिनचर्या का बहुत ख्याल रखना चाहिए। अगर आपका दिल सामान्य है तो तो आप किसी भी स्तर का तनाव ले सकते हैं, लेकिन आपको अगर छोटी–मोटी भी समस्या है तो आप एक स्तर से ज्यादा तनाव नहीं ले सकते हैं।

दिल का दौरा पड़ने के संकेतों को ऐसे पहचानों

दिल का दौरा पड़ने के तीन सबसे बड़े कारण मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल और उच्च रक्तचाप हैं। अगर किसी को मधुमेह है, उसको मालूम ही नहीं है कि उसे यह बीमारी है, क्योंकि इसका लक्षण मौजूद नहीं है। उच्च रक्तचाप 170 से ऊपर जाता है तब सिर में दर्द होता है, अन्यथा इसका पता नहीं चलता। कोलेस्ट्रॉल का भी पता नहीं चलता। किडनी और लीवर से संबंधित बीमारियों के लक्षण पता चल जाते हैं। इसमें डॉक्टर की सलाह लेना और नियमित जांच जरूरी है।

बचाव के लिए क्या कदम उठाए?

सबसे पहला काम बुरी आदत या लत में सुधार करना है
बीमारी के पारिवारिक इतिहास का ख्याल रखना भी आवश्यक है
आप बहुत तनाव में काम करते हैं
आपको अक्सर पसीना बहुत आ रहा है
छाती में भारीपन लग रहा है तो आप तुरंत डॉक्टर के पास जाएं
कोई भारी व्यायाम न करें
अपने रक्तचाप, मधुमेह और कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच कराएं और सब कुछ सामान्य है
40–45 वर्ष की उम्र में दिल की जांच जरूर कराएं


## मेरे प्राणों के प्राण पर विशेष



वंदना हर्ष रघुनाथ भवन
मोबाइल नंबर – 9453544158

भगवान शिव की सदा जय हो,भगवान शिव विश्व का कल्याण करें ,भोगों में सुख नहीं है, यह अनुभव बार–बार होता हैय फिर भी मेरा दुष्ट मन उन्हीं में सुख मानता है और बार–बार तुमको भूलकर उन्हीं की ओर दौड़ता है । बहुत समझाने की कोशिश करता हूँ, परन्तु नहीं मानता । तुम्हारे स्वरूप–चिन्तन में लगाना चाहता हूँ, कभी–कभी कुछ लगता–सा दीखता भी है, परन्तु असल में लगता नहीं । मैं तो जतन करके हार गया मेरे स्वामी ! अब तुम अपनी कृपा–शक्ति से इसे खींच लो । मुझे ऐसा बना दो कि मैं सब प्रकार से तुम्हारा ही हो जाऊँ । धन, ऐश्वर्य, मान जो कोई भी तुम्हारी ओर लगने में बाधक हों उन्हें बलात् मुझसे छीन लो । मुझे चाहे राह का भिखारी बना दो, चाहे सबके द्वारा तिरस्कृत करा दो, परन्तु अपनी पवित्र स्मृति मुझे दे दो । मैं बस, तुम्हारा स्मरण करता हुआ, तुम्हारे स्वरूप–गुणों का चिन्तन करता हुआ निरन्तर सच्चे आनन्द में निमग्न रहूँ ! मेरे सुख–दुःख, हानि–लाभ, सब कुछ तुम्हारी स्मृति में समा जाय । वे चाहे जैसे आयें–जायें, मैं सदा तुम्हारे प्रेम में डूबा रहूँ । सबमें, सब अवस्थाओं में, सब भावनाओं में, सब क्रियाओं में और सारे सृजन–संहार में केवल तुम्हारा अनुभव करूँ । तुम्हारा ही प्यारा स्पर्श पाकर सदा उल्लसित होता रहूँ । मेरे मन से सब कुछ भुला दो और उस सब कुछ के बदले में एकमात्र अपनी मधुर स्मृति को जगाये रखो । कोई ऐसा क्षण हो ही नहीं, जिसमें मन तुम्हें भूल सके । यदि हो तो बस, जैसे मछली जल के बिना छटपटाकर मर जाती है, वैसे ही यह मन भी मर जाय ।मेरे प्राण सदा तुम्हारे साथ ही रहें, तुम्हारा बिछोह कभी हो ही नहीं । यदि कभी ऐसा हो तो बस, उसी क्षण तेल के अभाव में दीपक के बुझ जाने की भाँति शान्त होकर तुममें समा जायँ ।मैं सदा अनुभव करूँ– तुम मेरे हो, मैं तुम्हारा हूँ । तुम मेरे साथ हो, मैं तुम्हारे साथ हूँ । तुम मुझे देख रहे हो, मैं तुम्हें देख रहा हूँ । तुम मुझे पकड़े हो, मैं तुम्हें पकड़े हूँ । तुम मुझे आलिंगन कर रहे हो, मैं तुम्हें आलिंगन कर रहा हूँ । तुम मुझमें समा रहे हो, मैं तुममें समा रहा हूँ और तुम मुझमें हो, मैं तुममें हूँ । मेरे प्राणों के प्राण ! अब देर न करो, बहुत समय बीत गया मुझे भटकते । तुम्हारा अपना ही होकर मैं जो इतनी दुर्दशा में पड़ा हूँ, यह तुमसे कैसे देखा जाता है ? भगवान् ! अब तो तुरन्त दया करके अपनी परम दया का अनुभव करा दो, मेरे स्वामी !

## जगतार पुस्तक मेला नौटंकी खतम भयल



अपूर्व नारायण तिवारी ष्बनारसी बाबूष

जस करवा चौथ तस जगतार पुस्तक मेला ।

दुनन के महिमामंडित करै में आभासी दुनिया आ मीडिया जगत के बेसी जोगदान हौ ।त पच्चीस फरवरी से पांच मार्च तक नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में चलल विश्व पुस्तक मेला नौटंकी आखिरकार खतम हो गयल ।

फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम तक,व्हाट्सएप से लेकर ईमेल,टेलीग्राम तक बस लोकार्पन, विमोचन आ फोटुए फोटु लउकात रहे ।ओंहिजा साहित्य आ कथ्य त पुरहर नदारद रहे ।असल साहित्य त गुलर के फूल बनल रहे ।फकत दस फीसदी नीमन साहित्य आ बकिया सभै उबाऊं करकट । ऊंहा बेसी मनई लेखक आ प्रकाशक बनल फूलल इतरात आ गदरात रहल ।बकिया केहु साच में मोजरायल नाहिं लखात रहल , कांहे से ओकर साहित्य औसत दरजा के जे रहे ।जेहके उ साज सिंगार से सजवले ओहिंजा चँघ्हुपल रहे मेला में सजावे दिखावे बदे ।

लागत रहे कि जे मनई पुस्तक मेला में गयल हौ अउर जे जे आपन किताब के लोकार्पन ओहिंजा करइले हौ,उहे साच में साहित्यकार हौ ।बकिया सभै बेकार जेकर किताब ओहिंजा प्रदर्शित रहे,उहे नामचीन लेखक आ लब्ध कवि हउवे ।

ओनके आगे गोरखानाथ,कालीदास, कबीरदास,रैदास, तुलसीदास, सुरदास , दरियादास,नाभादास आदि के का बिसात अउरी का औकात ???

साहित्य में भारतेंदु से बेसी ओनके परेमिका बदे रुझान देखात रहे । बल्लुक नेहरु आ गान्ही के परेम कहानी, जिन्ना के परेम गाथा आजुओ प्रकाशन के बाट जोहत नजर आवत रहे ।एनपे लिखे वाला नदारद रहे ।

ओहिंजा पाठकन से बेसी लेखक,विद्यार्थी, प्रकाशक आ ओनकर हित नात देखात रहलन ।बाकि फइसन क मतवाला, आशिक आ माशूक ढेर नजर आवत रहलन । ओनहे त फकत अइसन आयोजन में मेलजोल के बहाना मिलें के जे चाहिं ।

कछु लोग जबरिया आपन किताब छुट पे दियावत गदहा लदान करावत नजर आवत रहलन ।उ सभै साहित्य माफिया रहलनष् । कछु अइसन करिजुगी तथाकथित लेखकन के किताब जब लखे आ गुने के मउका मिलल, त आपन कपार धुन लेहलीं ।काहें से सभै कछु उतरन,कतरन आ नकल रहे ।खाली सब्दन के हेरफेर, सिंगार आ बनावट रहे ।कछु पुस्तकन के ना त कपार आ ना ही गोड़ नजर आवत रहे ।त कछु किताबन में सिवाय बकवास के कछु नाहिं हेरात रहे ।

जब कछु सुनामधन्य लोगन के पूछलीं ।एहपे का टीका टिप्पनी करीं ??

त उ गोड़ धरे लगलन । बस आसीस दे देहीं अउर आपन किरपा बनइले रहीं ।आपके आसीस से अबकी इ किताब पुरुस्कृत होवे जात हौ । कुल्ही जुगाड़ सेटिंग हो गयल हौ ।ओनहे त बस छपल किताब से मतलब हौ । ईंहा मेला में मालदार लेखक आ प्रकाशकन के ही भरमार हौ ।जेकरे लग्गे माल नाहिं, उ दिखत ईंहा चिड़ीमार हौ । इ बतिया सुनत हम आपन माथा पीट लेहलीं । इ का हो रहल हौ देस के साहित्य लोक में ।

कछु पाठकन आ मेला के रसिया लोगन से पुछलीं । कुछ साहित्य भी मिलल का ?

त उ कहलन, ष्गुरुजी ! नामचीन लेखकन संगे फोटु खिंचा गयल आ आपन किताब छपवाये के फारमुला मिल गयल । त अउर का चाहिं । असल साहित्य त इंटरनेट पे मिल जाला ,बकिया ग्लेमर आ चकाचौंध के तड़का त अइसन मेला में ही नजर आवेला ।समाज में भी हमार कदर बढ जाला । कछु रुपैया खरचा कर देहलीं, त का भयलष् ।बहोत कछु सीखे के मिल जाला । अब अगले बरस हमरो पुस्तक विश्व पुस्तक मेला में दिखी आ लोकार्पित होई । हमऊ तब साहित्यकार कहलाइब ।कछु कहलन ष्अस महँघ्गाई चपले रहे कि अबकी ओहिंजा नास्ता जलपान भी नीमन नाहिं भयल । मउसम भी गिरगिट नीयर रंग बदल देहलेस । हमार जाइल ढांड़ हो गयल ।ष् एगो फुसफुसइलेस काने में, गुरुजी ! आपके आसीस से समीक्षा नांव पे दुई दरजन भर किताब मिलल हौ आ लिफाफा अलग से ।हम पूछलीं ष्ऊ कांहे ? ष जवाब मिलल ष्ताकि समीक्षा नीमन रहेष्जस माल तस समीक्षाष

हम फेर पूछलीं ष का हो ? कुछ दम भी हौ ?? त उ खींसी निपोरत कहलेस ष्सभ होलिका के राख हौ,बकिया ओहि राख के समालोचना करत कनक बनावे के हौ । एही बदे त माल मिलल हौ ।हम मन ही मन कहलीं ष्हे रहीम ! ओ बिहारी ! हे महाकवि वाल्मिकी ! हे महाकवि घाघ ! हे रसखान ! समय हउवे बलवान ।

करिजुग में आजु गदहा बनल पहलवान ।

असल लेखक आजुवो गुमनाम आ नादान ।

एही से साहित्य जगत के होवत हौ अवसान ।जेकर लग्गे माया,उहे कहलावत महान ।ष कहल गयल हौ कि होलाष्टक में कवनो सुभीता कारज नाहिं होवेला , नाहिं त् भद्रा लग जाई । उहे भयल हौ इ बेर मेला में ।

चलत चलत एगो बतिया अउर कहल चाहब कि आपन छ दरजन परिचित,हितनात, विद्वान आ विदुषी गण भी इ विश्व पुस्तक मेला में गयल रहलन अउरी आपन पुस्तक के विमोचन लोकार्पन भी करइलें रहलन ।ओन सभै से इहे निहोरा हौ कि ष्करेजऊ ! आपन करेजा में हमार बतिया जिन लिहऽ । हम त खांटी बनारसी हईं रसिया मनबसिया ।फाग महीना में फगुनई बयरिया से सराबोर हईं । आपन उखारै कछु ना उखारी ।गंगधार हईं । महामसान नगरिया में बाबा बिसनाथ आ माई अन्नपूर्णा (अन्नपूरना) के सिवाय केहू दुसर आपन कछु नाहिं कर सकेला ।छिद्राभेषन आ मीमांसा में बनारसिया तेज होवेलन ।हम त एहिंजा जनमले रुद्र हईं । त आपन दिमाग के ठंडा कर लऽ रजऊ ! विजया बुटी परसाद संगे ठंडाई छान घोंट लऽ अउरी तब टेर लगावऽ

जै जै माई अन्नपूर्णा !
नमो पार्वतीपतये
हर हर महादेव !

/अपूर्व नारायण तिवारी ष्बनारसी बाबू
(ख्यात साहित्यकार आ पत्रकार)

## लंबे चलते मुकदमों से कमजोर पड़ता न्याय, लंबित मामलों से हांफ रही न्यायपालिका



करीब एक लाख मामले निचली अदालतों में 30 सालों से ज्यादा समय से फैसले का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में न्याय प्रणाली में सुधार जरूरी है ।मध्य प्रदेश की चंबल घाटी में जब 1960 और 70 के दशकों में डाकू समस्या चरम पर थी, उस समय बहुत से कुख्यात डाकूओं ने यह स्वीकार किया था कि उन्हें डकैत बनाने में उनके साथ होने वाला अन्याय बड़ा जिम्मेवार है। इसे जायज नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। लेकिन साथ ही यह भी जरूरी है कि न्याय की गति तेज हो और समय पर न्याय हो सके। आजकल उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड चर्चा में है ।24 फरवरी को राजू पाल हत्याकांड के प्रत्यक्षदर्शी गवाह उमेश पाल की अतीक अहमद के गुर्गों द्वारा सरेआम दिन में हत्या कर दी गई। इसके बाद इस हत्या की पूरी कहानी मीडिया पर प्रसारित की जा रही है और इससे चौनल अपनी टीआरपी बढ़ा रहे हैं। दर्शकों का भरपूर मनोरंजन हो रहा है, परंतु किसी मीडिया ने यह नहीं दिखाया कि उमेश पाल जिस राजू पाल हत्याकांड में गवाह थे, वह हत्या 18 साल पहले जनवरी, 2005 में की गई थी। राजू पाल बहुजन समाज पार्टी से लोकसभा के सदस्य थे। फिर भी इस स्तर के व्यक्ति की हत्या का मुकदमा अभी तक जिला अदालत में केवल प्रारंभिक स्तर तक ही पहुंचा है और प्रत्यक्षदर्शी गवाह उमेश पाल को 18 साल बाद भी गवाही देने का मौका नहीं मिल पाया।

यदि उमेश पाल की गवाही हो गई होती, तो अब तक इसमें शामिल हत्यारों को कड़ी सजा मिल गई होती। अभी एक और मामला चर्चा में है। जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में लालू यादव और उनके परिवार तक जांच एजेंसियां 19 साल बाद पहुंची हैं। जबकि यह मामला 2004 का है, जब लालू प्रसाद रेलमंत्री थे। 1984 में दिल्ली में दंगे हुए, जिनमें 2,500 सिखों की निर्मम हत्या की गई, परंतु 40 साल बाद भी इन दंगों की जांच प्रारंभिक स्तर पर ही है और इनमें शामिल अपराधियों को अदालतों द्वारा कोई सजा नहीं दी गई है।

पूर्व रेलमंत्री ललित नारायण मिश्रा की 1975 में एक षड्यंत्र में बम विस्फोट द्वारा हत्या कर दी गई थी और इस मामले में भी पूरे 39 साल बाद 2014 में न्याय हो सका। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिनमें विभिन्न कारणों से चार करोड़ मुकदमे देश की अदालतों में लंबित हैं और इनमें करीब एक लाख मामले निचली अदालतों में 30 सालों से ज्यादा समय से फैसले का इंतजार कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, इनमें से ज्यादातर केस उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से हैं, जो राजनीतिक रूप से ज्यादा सक्रिय राज्य हैं। न्याय व्यवस्था की इस लचर स्थिति ने इन राज्यों में माफिया और अपराधियों को बढ़ावा दिया, क्योंकि राजनीतिक दलों से संबंध होने के कारण पुलिस उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं कर पाती। देश की पुलिस और जेलों का दुरुपयोग राजनीतिक संबंधों के द्वारा बड़े–बड़े अपराधी और माफिया करते आए हैं। यह अपराधी अब जेल को एक सुरक्षित स्थान के रूप में इस्तेमाल करके वहां से अपने अपराध के कारोबार को नियंत्रित करते हैं। सूत्रों के अनुसार, अतीक के भाई अशरफ ने बरेली जेल में बैठकर ही उमेश पाल की हत्या की साजिश अपने सहयोगियों के साथ रची थी। अनेक गंभीर मामलों के आरोपियों और अपराधियों को जेलों में सारी सुविधाएं मिलने, यहां तक कि उनके पास मोबाइल फोन तक पाए जाने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

कानून की दृष्टि से देश का हर नागरिक सरकार की संपत्ति माना जाता है, इसलिए जब भी किसी नागरिक के साथ कोई अपराधिक घटना घटती है, तो अदालत में पीड़ित का पक्ष प्रस्तुत करने की जिम्मेवारी सरकार की होती है और इस जिम्मेदारी को राज्य पुलिस निभाती है। पुलिस अपराधी को पकड़ कर अदालत में पेश करती है तथा उसके विरुद्ध अपराध से संबंधित सबूत अदालत के सामने प्रस्तुत करके अपराधी को सजा दिलवाती है। परंतु पुलिस ऐक्ट 1861 के अनुसार, पुलिस पर पूरा नियंत्रण शासन तंत्र का होता है। यही वजह है कि सत्तारूढ़ दलों द्वारा पुलिस के राजनीतिक इस्तेमाल के भी आरोप लगते हैं।

उत्तर प्रदेश की मौजूदा सरकार माफिया और अपराध के विरुद्ध काफी सख्ती दिखा रही है, मगर आवश्यकता न्याय प्रणाली और पुलिस व्यवस्था में ऐसे बदलाव किए जाने की है, जिससे आम नागरिक को स्वतः ही अदालतों से उचित न्याय उपलब्ध हो सके।

## दक्षिण की सियासत के पेच, दिल जीतने के लिए जरूरी हुआ राजनीतिक खेल

बिना राजनीतिक खेल के आप दक्षिण भारतीय लोगों का दिल नहीं जीत सकते हैं। चुनावों को लेकर आप जो भी कयास लगाएं, लेकिन दक्षिण भारतीय राज्यों, खासकर तमिलनाडु और केरल के मतदाता चुनावों के दौरान मौद्रिक लाभ की उम्मीद करते हैं ।दक्षिण भारत की राजनीति में जातियों का बोलबाला रहता है। वोकालिगा, लिंगायत, रेड्डी, कम्मा, गौडा, थेवर, नाडार और एझवा नामक आठ बड़ी जातियों का दक्षिण भारत के छह राज्यों की राजनीति में वर्चस्व है। इसलिए दक्षिण की राजनीति को समझने से पहले इन बड़ी जातियों के सामाजिक दबदबे को समझना जरूरी है। भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग ने उत्तर भारत में तो काम किया है, लेकिन दक्षिण में अमित शाह की चाणक्य नीति के समक्ष बड़ी बाधा है। ऑस्कर जीतने वाली फिल्म आरआरआर के गीत नाटु नाटु का भी एक सामाजिक ताना–बाना है। निश्चित रूप से यह गीत दक्षिणी राज्यों को आपस में जोड़ता है। हालांकि दक्षिणी राज्यों को साधने के लिए भाजपा तत्परता से लगी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बड़ी उदारता से एक तेलुगू विद्वान को राज्यसभा के लिए मनोनीत करवाया। 35 से 40 फीसदी पद्म अवार्ड दक्षिणी राज्यों के लोगों को दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने रेडियो पर प्रसारित होने वाले अपने श्मन की बातश के 100 एपिसोड में 65 बार दक्षिण भारतीय राज्यों का उल्लेख किया। ये सब क्या दर्शाते हैं? जाहिर है, दक्षिण को गले लगाने की उत्तर भारतीय राजनेता की उत्सुकता को ही दर्शाते हैं। लेकिन क्या दक्षिण भारतीय मतदाता इन इशारों को स्वीकार करेंगे?त्रिपुरा और मेघालय जैसे पूर्वोत्तर के राज्यों को जीतने में प्रधानमंत्री मोदी की रणनीति ने प्रभावी ढंग से काम किया। लेकिन दक्षिणी राज्यों में मोदी का जादू केवल कर्नाटक और पुदुचेरी में ही देखा जा सकता है। दक्षिण में हर जगह एक जैसी स्थिति नहीं है। अन्य तीन राज्य–आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल में भाजपा की सरकार नहीं है। इसलिए मोदी इसे तोड़ना चाहते हैं। दक्षिण भारत में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए भाजपा ने वाराणसी और सौराष्ट्र में तमिल संगमम आयोजित किया ।तमिलनाडु में द्रमुक सत्ता में है। राज्य में बिहारी प्रवासियों का मुद्दा अभी बहस का विषय बना हुआ है। यह काफी संवेदनशील मुद्दा है। एक चिंगारी एकता के ताने–बाने को खत्म कर सकती है। मार्च की शुरुआत में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पर्दे के पीछे त्वरित कार्रवाई करके द्रमुक प्रमुख एम के स्टालिन के साथ बिहार एवं झारखंड के प्रवासियों के मुद्दे को प्रभावी ढंग से निपटाया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इसके समाधान में शामिल रहे। इन तीनों प्रमुख नेताओं के बीच समन्वय का काम सक्षम नौकरशाही ने किया ।इसी तरह हिंदू धर्म से ईसाई और इस्लाम में धर्मांतरण एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है, जो दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में चुपचाप हो रहा है। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने गृह मंत्रालय को भेजी अपनी एक रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। तीसरी और सबसे खतरनाक घटना दक्षिणी राज्यों, विशेषकर तमिलनाडु और केरल में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और एसडीपीआई की गतिविधियां हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा दोनों राज्यों में कम से कम 45 जगहों पर बार–बार की गई छापेमारी ने प्रभावी रूप से पीएफआई की नीतियों के प्रसार पर रोक लगा दिया।

आंध्र प्रदेश में भी बड़े पैमाने पर धर्मांतरण होता है। लेकिन राज्य की सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता जगन रेड्डी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के काफी करीब हैं। आंध्र प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) है। इसके नेता चंद्रबाबू नायडू राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में लौटने के लिए बेताब हैं। कांग्रेस आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कहीं नहीं है। तेलुगू भाषी राज्यों को बांटकर कांग्रेस ने अपनी कब्र खुद खोद ली ।जहां तक चंद्रशेखर राव की बात है, तो उनके द्वारा शासित राज्य तेलंगाना भी अस्थिर है। दक्षिणी राज्यों की शराब लॉबी ने तेलंगाना राष्ट्रीय समिति (टीआरएस, अब बीआरएस) की छवि खराब की। आम आदमी पार्टी के साथ टीआरएस का अनोखा गठजोड़ कहीं ज्यादा खतरनाक है। दिल्ली– तेलंगाना की हॉट लाइन राजनीति में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और के चंद्रशेखर राव की बेटी और बीआरएस की नेता कविता की जोड़ी के उदय ने इन दोनों के राजनीतिक भविष्य को खराब कर दिया। कविता बहुत चतुर महिला राजनेत्री हैं। दक्षिण भारत के नेताओं के परिजनों ने अपने पिता और पार्टियों की छवि खराब की है। के चंद्रशेखर राव इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। लेकिन अगले एक दशक तक भाजपा या मोदी दक्षिण में चाहे जितनी भी पहुंच बना लें, वांछित राजनीतिक नतीजा नहीं मिलेगा। अभी सियासी लोहा उतना गर्म नहीं हुआ है कि उस पर चोट की जाए। दक्षिण भारत के सभी राज्य अनूठे हैं।

# वैचारिक शुद्धि से होगा चरित्र निर्माण : नवनीतप्रिय दास




देवरिया । मंगलवार को शैक्षिक अभियान जिज्ञासा द्वारा आयोजित दो दिवसीय महामोटिवेशन शिक्षा संस्कार कार्यक्रम का आयोजन नगर के राजकीय आई टी आई कॉलेज के निकट एक मैरिज हॉल में किया गया, जिसमें सैंकड़ों लोगों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। महामोटिवेशन के दूसरे दिन ष्सोच से परे जीवनष विषय पर व्याख्यान की प्रस्तुति हुई जो देर शाम तक चली । प्रथम सत्र में नवनीतप्रिय दास ने कहा कि वैचारिक शुद्धि से ही चरित्र का निर्माण किया जा सकता है । उन्होंने कहा कि सोच या विचार ईश्वर का वरदान है । इसके सही उपयोग से अद्भुत शक्तियां पायी जा सकती हैं । विचार से भाग्य को भी बदला जा सकता है और जीवन की तमाम समस्याएं सुलझाई जा सकती हैं । उन्होंने बताया कि आज की युवा पीढ़ी को जो शिक्षा दी जा रही है वह केवल भौतिकता तक सीमित है। आज पढ़े लिखे बालक अधिकार तो जान पा रहे हैं पर कर्तव्य नहीं जानते। बच्चे पढ़ लिखकर आज ड्रग एडिक्टेड बन रहे हैं। बालक सुसाइड करने से भी नहीं चूक रहे। ऐसे में उन्हें संस्कार युक्त शिक्षा की आवश्यकता है। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में इंडियाज फर्स्ट माइंड ट्रेनर मनुकूल सर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सफल, स्वस्थ और सुमधुर जीवन का पहला और आखिरी मंत्र है– सकारात्मक सोच और विश्वास। यह अकेला एक ऐसा मंत्र है, जो व्यक्ति को जीवन में सफलता दिलाता है । सकारात्मक नजरिए वाला व्यक्ति हर मौसम में फलने वाले फल के जैसा होता है, जो अपने अच्छे स्वभाव और सोच से आस–पास के लोगों को भी बदल देता है । शांति, संतुष्टि, तृप्ति और प्रगति का अगर कोई प्रथम पहलू है, तो वह सकारात्मक सोच ही है । सकारात्मकता से बढ़कर कोई पुण्य नहीं और नकारात्मकता से बढ़कर कोई पाप नहीं । सकारात्मकता से बढ़कर कोई धर्म नहीं और नकारात्मकता से बढ़कर कोई अधर्म नहीं । सकारात्मक सोचेंगे तो आगे बढ़ेंगे । याद रखें, सकारात्मक सोच का अभाव ही मनुष्य की निष्फलता का मूल कारण है । शैक्षिक अभियान जिज्ञासा के संस्थापक प्रभारी प्रो0 रामप्रसाद तिवारी ने अतिथियों व जिज्ञासा टीम को सम्मानित करते हुए सभी के प्रति आभार जताया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारिणी संरक्षक अवकाश प्राप्त पूर्व प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी अक्षयवर नाथ त्रिपाठी, व संचालन प्रो0 रामप्रसाद तिवारी ने किया । इस अवसर पर शैक्षिक अभियान जिज्ञासा के मन्त्री बृजेश सिंह, उपाध्यक्ष धीरेंद्र मणि त्रिपाठी, उपाध्यक्ष तेजप्रताप शाही, कोषाध्यक्ष मंगेश गुप्ता, सूचना मन्त्री रक्षित अमितेश मणि त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी प्रशान्त श्रीवास्तव, राणाप्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष श्री मंगेश गुप्ता जी, व्यवस्था मंत्री श्री आलोक पाण्डेय, सह संगठन मंत्री प्रिंस तिवारी, सह कोषाध्यक्ष अभिषेक तिवारी, दुर्गेश तिवारी, सह नारी शक्ति मंत्री सरिता पाण्डेय, नारी शक्ति मंत्री अर्चना सिंह, विनीता त्रिपाठी, श्वेता पाण्डेय, वर्षा तिवारी सहित समस्त पदाधिकारी गण व सदस्यगण उपस्थित रहे ।

# आजादी का अमृत महोत्सव जिला स्तरीय कवि सम्मेलन आयोजित



20 मार्च 2023 को दोपहर बारह बजे संस्था श्री आर.पी. अनडा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बोरसद आणंद जिले के कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की रूपरेखा अतिथि स्वागत, सरस्वती वंदना, अतिथियों का सम्मान आनंद जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 35 छात्र एवं आनंद जिले के लगभग 17 कवियों ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता देवल शास्त्री ने की। जिनका परिचय प्राचार्य डॉ. जे. के तलाटी सर ने कराया। देवल शास्त्री ने कविताओं के बारे में कई तरह की बातें कीं और साथ ही कहानी लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें लगभग 65 छात्रों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी मौलिक कहानियां प्रस्तुत कीं।इस अवसर पर. समीप मंच के नडो. रमनभाई और किरीट सर। नवीनभाई पटेल और कमलेश गढ़वी सर खंभोलज साहित्य सेवा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शैलेष वाणिया शैल सर ने रचना प्रस्तुत की प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया साथ मे आये अन्य कविगण ने रचना प्रस्तुत की देवलभाई ने इसोपनिषद की कहानियाँ सुनाईं। पूरे कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरिश्चंद्र राठोड और डॉ. मीनाक्षीबेन वानिया ने किया।सहयोग डॉ, रामभी बेन बापोदरा ने किया। 4.30 बजे जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# खम्भोलज साहित्य सेवा संस्था द्वारा फटाफट ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ



